देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 214 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

# पेज श्री

देहरादून, रविवार, 1 दिसंबर 2024

विचार–प्रवाह...
बादल मुक्त अकाली नेतृत्व





मौसम अधिकतम 23.0° न्यूनतम 11.0° | 82924.41 | 2 बांग्लादेश में इस्कॉन पर नई मुसीबत | 7 विलियमसन ने इतिहास को हिला डाला

# हाइब्रिड मॉडल अपनाने को तैयार पाकिस्तान

## आईसीसी के सामने पीसीबी ने रखी शर्त, राजस्व में भी अधिक हिस्से की मांग

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल अपनाने के लिए तैयार है, लेकिन उसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के समक्ष के अहम शर्त रख दी है। आईसीसी और सदस्य देशों के बीच शुक्रवार को वर्चुअल बैठक हुई थी जिसमें क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने पीसीबी को अल्टीमेटम दिया था। आईसीसी ने पाकिस्तान बोर्ड से कहा था कि यह तो वह चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर करने के लिए तैयार हो जाए या फिर टूर्नामेंट से बाहर होने के लिए तैयार रहे।

चैंपियंस ट्रॉफी को होने में अब ज्यादा समय शेष नहीं है, लेकिन अब तक इसका कार्यक्रम जारी नहीं हो सका है। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन बीसीसीआई ने इस सुरक्षा का हवाला देते हुए इस टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था। इसके बाद चैंपियंस ट्रॉफी को हाइब्रिड मॉडल के तर्ज पर आयोजित किए जाने की चर्चा चल रही है। हालांकि, अब तक पीसीबी हाइब्रिड मॉडल को अस्वीकार करता आया है, लेकिन अब उसके सामने ज्यादा विकल्प बचे नहीं हैं।

सूत्र ने कहा, पाकिस्तान यह भी चाहता है कि आईसीसी बोर्ड राजस्व में वित्तीय चक्र में उसके हिस्से को 5.75 प्रतिशत से बढ़ा दे और नकवी इस पर अड़े हुए हैं, लेकिन उन्होंने मेजबानी के लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं मांगा है। लोग कह रहे हैं कि नकवी ने अपनी सरकार से बात करने के बाद फिर बताने के लिए समय मांगा है। लेकिन हमें नहीं पता कि क्या वह सरकार के समर्थन से वहां गए थे और उन्होंने आईसीसी बोर्ड की वर्चुअल बैठक में अपना पक्ष रखने के लिए पहले ही उनकी मंजूरी मांगी थी। हाइब्रिड मॉडल को अगर मंजूरी मिलती है तो चैंपियंस ट्रॉफी में भारत सहित कुछ मुकाबले यूएई में हो सकते हैं।

इससे पहले, पिछले साल एशिया कप का आयोजन भी हाइब्रिड मॉडल के तहत किया गया था जिसमें भारत के मुकाबले सहित खिताबी मैच श्रीलंका में हुआ था।

### भारत-पाक में राजनीतिक विवाद

बीसीसीआई ने भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे के लिए बना करने पर हाइब्रिड मॉडल का प्रस्ताव रखा गया था। वहीं, बीसीसीआई ने कहा कि टीम के पाकिस्तान दौरे का अंतिम फैसला भारत सरकार का होगा। दोनों देशों की राजनीतिक विवाद के चलते सुरक्षा संकट का हवाला देते हुए बीसीसीआई ने दौरा करने से मना कर दिया है।



### हाइब्रिड मॉडल की नीति 2031 तक लागू हो

पीसीबी सूत्रों ने बताया है कि पीसीबी अगले साल होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल स्वीकार करने के लिए तैयार है जिसमें भारत अपने मुकाबले दुबई में खेलेगा, लेकिन उसकी शर्त है कि आईसीसी यह नीति 2031 तक होने वाले उसके सभी टूर्नामेंट के लिए लागू करे। बोर्ड हाइब्रिड मॉडल पर सहमत होने के लिए सालाना राजस्व चक्र में ज्यादा हिस्सेदारी की मांग भी कर रहा है। पीसीबी सूत्र ने कहा, मौजूदा स्थिति में पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह चौंपियंस ट्रॉफी के लिए हाइब्रिड मॉडल तभी स्वीकार करेगा अगर आईसीसी इस बात पर राजी हो कि भविष्य में सभी आईसीसी टूर्नामेंट इसी के तर्ज पर आयोजित होंगे जिसमें पाकिस्तान अपने मुकाबले खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा।

### भारत को 2031 तक कई टूर्नामेंट की करनी है मेजबानी

भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर विवाद अभी खत्म नहीं हुआ है। आईसीसी की प्राथमिकता है कि जल्द से जल्द इसका रास्ता निकले। पीसीबी ने जो शर्त क्रिकेट की वैश्विक संस्था के सामने रखी है उसे मानना आसान नहीं है। भविष्य में ऐसे कई टूर्नामेंट है जिसकी मेजबानी भारत को करनी है। इनमें 2025 महिला वनडे विश्व कप, 2025 में पुरुषों का एशिया कप, 2026 में श्रीलंका के साथ मिलकर पुरुष टी20 विश्व कप, चौंपियंस ट्रॉफी 2029 और बांग्लादेश के साथ 2031 वनडे विश्व कप की मेजबानी करना शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### एकनाथ शिंदे की तबीयत बिगड़ी, 5 को बनेगी नई सरकार

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) मुंबई। महाराष्ट्र में अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर चल रही रस्साकशी के बीच एकनाथ शिंदे अपने गांव सतारा में हैं। शनिवार को शिंदे की अचानक तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। डॉक्टरों ने बुखार और थकान की वजह से शिंदे को आराम करने की सलाह दी है। वहीं भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने संकेत दिया है कि देवेंद्र फडणवीस के नाम पर मुहर लग सकती है। महाराष्ट्र में पांच दिसंबर को महायुति गठबंधन की नई सरकार बनेगी।

### पाकिस्तान ने भारतीय टीम को दिया बड़ा जख्म

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच शनिवार को अंडर–19 एशिया कप का तीसरा मुकाबला खेला गया। पाकिस्तान ने भारत को 44 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 50 ओवर में 281 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 237 रन पर सिमट गई।

# चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं, हर सवाल का मिलेगा जबाव

## चुनाव आयोग ने 3 दिसंबर को कांग्रेस नेताओं को बुलाया

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस की ओर से ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) समेत चुनाव प्रक्रिया से समझौता किए जाने को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर निर्वाचन आयोग ने शनिवार को जवाब देते हुए कहा कि चुनाव में कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। आयोग ने कहा कि इसके बाद भी पार्टी के जो भी सवाल है वह उन सभी का लिखित और मौखिक दोनों ही तरीके जवाब देने को वह तैयार है।

कांग्रेस कार्यसमिति की महाराष्ट्र चुनाव में हेर–फेर का आरोप लगाते हुए चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करने की बात कही गई हरियाणा के बाद महाराष्ट्र चुनाव नतीजों को लेकर उठाए गए सवालों पर आयोग ने अपने जवाब में कहा है कि मतदान के दौरान सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदान प्रतिशत और कुल वोटरों की संख्या की जानकारी लगातार दी जाती रहती है। मगर इसके बाद भी अगर कुछ और शिकायतें और जानकारी हैं तो आयोग उनको विस्तार से सुनने का तैयार है।

आयोग ने कहा कि वह स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए सदैव राजनीतिक दलों के सुझाव और शिकायतों का स्वागत करता है। खास बात यह है कि महाराष्ट्र चुनाव के नतीजों के बाद शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने चुनाव में गंभीर गड़बड़ी का आरोप लगाया था। साथ ही ईवीएम में हेर–फेर की भी शिकायत की थी।

कांग्रेस की ओर से लगाए गए दो प्रमुख आरोपों का शनिवार को चुनाव आयोग ने विस्तार से जवाब दिया। इसमें पहला आरोप मतदान प्रतिशत को लेकर था। जैसे–जैसे मतदान के आंकड़े आते हैं वैसे ही उन्हें पूर्व के आंकड़ों में जोड़ दिया जाता है।

### आयोग ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को बुलाया

चुनाव आयोग ने कांग्रेस पार्टी के प्रतिनिधिमंडल को तीन दिसंबर को शाम पांच बजे मिलने अपने मुख्यालय बुलाया है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस पार्टी को यह जवाब उनकी ओर से 29 नवंबर को चुनाव में गड़बड़ियों को लेकर सौंपे गए ज्ञापन पर दिया है। जिसमें वोटों की संख्या और मतदान प्रतिशत को लेकर सवाल खड़े किए गए थे।

# तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश, सड़कें जलमग्न

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

चेन्नई। चक्रवात फेंगल शनिवार की शाम 70–80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पुडुचेरी के पास कराईकल और महाबलीपुरम के बीच उत्तर तमिलनाडु व पुडुचेरी के तटों को पार करेगा। इस बीच तमिलनाडु के अधिकांश हिस्सों में भारी बारिश का दौर जारी है।

खराब मौसम की वजह से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को शनिवार शाम सात बजे तक अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। उधर, इंडिगो एयरलाइंस ने चेन्नई आने वाली सभी उड़ानों को डायवर्ट कर दिया है। भारी बारिश की वजह से तमिलनाडु के नौ जिलों के स्कूलों में छुट्टी घोषित की गई है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने पुडुचेरी तट पर सुरक्षा भी बढ़ा दी है। पुडुचेरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलैवानन ने क्षेत्र में समुद्र तटों और तटीय सड़कों का दौरा किया। तमिलनाडु में लोगों को चेन्नई में मरीना बीच, पट्टिनापक्कम और एडवर्ड इलियट बीच समेत समुद्र तटों पर न जाने की सलाह दी गई है।

पुडुचेरी में पर्यटन स्थलों को चक्रवात फेंगल के कारण एहतियात के तौर पर बंद कर दिया गया है। पुडुचेरी में तटीय क्षेत्रों में 300 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है।

### अलर्ट

■प्रशासन ने 16 आपदा राहत टीमों को किया तैनात

### कई इलाकों में रेड अलर्ट जारी

आईएमडी ने कहा कि मौसम विभाग चेन्नई, श्रीहरिकोटा और चेन्नई के डॉपलर मौसम रडार के अलावा उपग्रह अवलोकनों से चक्रवात फेंगल पर लगातार नजर रख रहा है। आईएमडी के अनुसार चक्रवात आज शाम उत्तरी तमिलनाडु के तटीय क्षेत्रों से टकराएगा और दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटों समेत दक्षिणी राज्यों के विभिन्न हिस्सों में रेड अलर्ट जारी किया गया है।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# पदयात्रा के दौरान केजरीवाल पर फेंका गया लिक्विड

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दिल्ली के ग्रेटर कैलाश इलाके में पदयात्रा के दौरान एक शख्स ने दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर लिक्विड फेंकने की कोशिश की। बाद में उस शख्स को उनके सुरक्षा कर्मचारियों ने पकड़ लिया। आम आदमी पार्टी ने कहा कि भाजपा के लोगों ने केजरीवाल पर हमला किया।

■ आरोपी की पिटाई, बीजेपी पर हमले का आरोप

आम आदमी पार्टी ने घटना को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी ने कहा– दिल्ली में कानून व्यवस्था बरकरार रखने में नाकाम बीजेपी बौखलाई हुई है। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाने पर अरविंद केजरीवाल पर बीजेपी ने हमला करवाया। इससे गृह मंत्री अमित शाह की नाकामी जग जाहिर हुई है। पार्टी ने कहा कि अगर राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री सुरक्षित नहीं हैं, तो आम आदमी कहां जाएगा?

घटना के बाद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के एक पॉश इलाके पंचशील में एक बुजुर्ग की हत्या कर दी गई थी, आज उनके परिवार से मिलकर सांत्वना दी, पूरा परिवार सदमे और दुख में है।

## न्यूज डायरी



### तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान ने सीरिया में चली ऐसी चाल, फंसे पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दमिश्क। गाजा और लेबनान युद्ध के बीच पड़ोसी सीरिया में बड़ा उलटफेर होता दिख रहा है। सीरिया में विद्रोहियों की सेना ने राष्ट्रपति बशर अल असद की सरकारी सेना को मात देकर देश के दूसरे सबसे बड़े शहर अलेप्पो पर लगभग कब्जा कर लिया है। सीरिया के मानवाधिकार गुटों ने बताया कि इस लड़ाई में अब तक 277 से ज्यादा सैनिक और आम लोग मारे गए हैं। करीब 8 साल के बाद विद्रोही एक बार फिर से अलेप्पो में घुसे हैं। इससे पहले साल 2016 में बशर अल असद की सेना ने रूस और ईरान की मदद से विद्रोहियों को पीछे ढकेल दिया था। अब अचानक से ये विद्रोही सक्रिय हो गए हैं और सीरिया में असद सरकार को उखाड़ फेंकने की दिशा में बढ़ रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयब एर्दोगान हैं। इस लड़ाई का एक पहलू शिया बनाम सुन्नी की जंग भी है। रूस के यूक्रेन और ईरान के गाजा से लेकर लेबनान तक तथा इजरायल के साथ सीधे मिसाइल युद्ध में फंसने के बाद तुर्की के खलीफा को बड़ा मौका मिल गया है। सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल असद को आईएस के हमलों से बचाने के लिए शिया मुल्क ईरान और रूस दोनों चट्टान की तरह से खड़े हो गए थे। रूस और ईरान की मदद से पिछले करीब 8 साल से असद सरकार सीरिया में अपने कब्जे वाले इलाके में राज कर रही थी। बशर अल असद एक अल्वाइट समुदाय से हैं जो शिया इस्लाम की एक शाखा को फॉलो करती है।

### तेजी से बढ़ रही बर्ड फ्लू महामारी, अमेरिका में डेयरी के जानवर निकल रहे संक्रमित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। हमने कोरोना वायरस का सबसे खतरनाम रूप देखा है, जब दुनिया के कोने कोने में इस आपदा के कारण लोग मर रहे थे। हम ऐसी महामारी के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थे। वहीं, कोविड के आने के लगभग पांच साल बाद, हमारे बीच अब एक और वैश्विक महामारी सामने खड़ी है जिसका नाम बर्ड फ्लू है। एक रिपोर्ट में दावा किया है कि बर्ड फ्लू महामारी इतिहास की सबसे प्रत्याशित आपदाओं में से एक होगी। एच5एन1 एवियन फ्लू, विभिन्न प्रजातियों में अपना रूप बदलकर, देश के मवेशियों के बीच नियंत्रण से बाहर हो रहा है, अकेले कैलिफोर्निया में लगभग एक तिहाई डेयरी झुंडों को संक्रमित कर रहा है। फॉर्मवर्कर्स अब तक त्रासदी से बचे हुए हैं, क्योंकि वायरस ने अभी तक मनुष्यों के बीच फैलने के लिए आनुवंशिक क्रियाओं को नहीं तोड़ा है। लेकिन मौसमी फ्लू उस परिणाम की संभावनाओं को काफी हद तक बढ़ा देगा। चूंकि ठंडा मौसम हम सभी को अपने घरों और कार्यस्थलों के अंदर रहने के लिए मजबूर कर रहा है और अगर यह बीमारी फैली तो देश किसी भी तरह से तैयार नहीं है। यह सब काफी बुरा होगा, लेकिन हम इन खतरों का सामना कर रहे हैं और यह सब बाइडन प्रशासन की विफलता से गंभीर रूप से प्रभावित है। कोई इससे इनकार भी कह सकता है इस बीमारी के लिए पर्याप्त रूप से हम तैयार नहीं है।

### लेबनान में इजरायल को हमने झुका दिया, ये 2006 से बड़ी जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। लेबनानी गुट हिजबुल्लाह प्रमुख नईम कासिम ने कहा है कि इजरायल के खिलाफ उनकी बहुत बड़ी जीत हुई है। शुक्रवार को एक टीवी भाषण में कासिम ने लेबनान के हालिया युद्ध में इजरायल को झुकने पर मजबूर करने के दावा किया है। कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह ने प्रतिरोध को जारी रखते हुए इजरायल को घुटनों पर ला दिया और समझौता करने पर मजबूर किया। कासिम ने कहा कि हिजबुल्लाह ने 2006 के बाद एक बार फिर से लेबनान में इजरायल को हराया है। यरुशलम पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, कासिम ने सितंबर में हुए पेजर हमले का जिक्र करते हुए कहा कि इजरायल को उम्मीद थी कि वह हिजबुल्लाह के कमांड सिस्टम पर हमला करके अपने लक्ष्य हासिल कर लेगा। ऐसा नहीं हुआ और हिजबुल्लाह ने इजरायल के घरेलू मोर्चे पर हमले शुरू किए, जिससे इजरायल रक्षात्मक स्थिति में आया और युद्ध विराम पर आगे बढ़ा। कासिम ने इस दौरान कहा, हमने अपना सिर ऊंचा करके समझौते को मंजूरी दी। इस समझौते का मुख्य बिंदु लितानी नदी के नीचे दक्षिणी लेबनान के सभी हिस्सों से इजराइली सेना की वापसी थी।

# बांग्लादेश में इस्कॉन पर अब नई मुसीबत

**रिपोर्ट**

## चिन्मय कृष्ण समेत 17 लोगों के बैंक खाते जब्त

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



बांग्लादेश। बांग्लादेश में इस्कॉन के पूर्व प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी और हिंदुओं पर बढ़ते अत्याचारों के बीच एक और बड़ी खबर सामने आई है। इस बीच 17 लोगों के बैंक खातों को 30 दिनों के लिए फ्रीज कर दिया गया है। वित्तीय अधिकारियों ने इस्कॉन के पूर्व सदस्य चिन्मय कृष्ण दास सहित इस धार्मिक संस्था से संबद्ध 17 लोगों के बैंक खातों से लेन-देन पर 30 दिन के लिए रोक लगाने का आदेश दिया है। यह कदम बांग्लादेश हाईकोर्ट की तरफ से हिंदू नेता के समर्थकों और सुरक्षा कर्मियों के बीच झड़प में एक वकील की हत्या के बाद इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) पर बैन लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज करने के बाद आया है।

बांग्लादेश वित्तीय खुफिया इकाई (बीएफआईयू) ने विभिन्न बैंकों और वित्तीय संस्थानों को ये निर्देश भेजे, जिसमें इन खातों से संबंधित सभी प्रकार के लेनदेन को एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया।

केंद्रीय बांग्लादेश बैंक के तहत वित्तीय खुफिया एजेंसी ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अगले तीन कार्य दिवसों के भीतर इन 17 व्यक्तियों के स्वामित्व वाले सभी व्यवसायों से संबंधित खातों के लेनदेन से संबंधित जानकारी भेजने के लिए कहा है।

30 अक्टूबर को, हिंदू समुदाय की एक रैली के दौरान चटोग्राम के न्यू मार्केट इलाके में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज का अपमान करने का आरोप लगाते हुए, चट्टोग्राम के कोतवाली पुलिस स्टेशन में दास सहित 19 लोगों के खिलाफ राजद्रोह का मामला दर्ज किया गया था।

बांग्लादेश सम्मिलिता सनातनी जागरण जोत के प्रवक्ता दास को कथित देशद्रोह के आरोप में सोमवार को ढाका के हजरत शाहजलाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया गया था। उन्हें मंगलवार को चौटोग्राम अदालत ने जमानत देने से इनकार कर दिया और जेल भेज दिया, जिससे उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मंगलवार को नई दिल्ली ने नेता की गिरफ्तारी और जमानत से इनकार पर चिंता व्यक्त की और बांग्लादेश से हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा।

चिन्मय की गिरफ्तारी के बाद इस्कॉन मंदिर पर बैन लगाने की मांग की जा रही थी। अब बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफिकुल इस्लाम ने आश्वासन दिया है कि उनके देश में हिंदू पूरी तरह सुरक्षित हैं। उन्होंने ये भी कहा कि इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने का कोई इरादा नहीं है। हिंदू समुदाय पर बढ़ती हिंसा की घटनाओं पर शफिकुल ने आगे कहा कि यहां हर हिंदू सुरक्षित है।

## स्पेन ने पेड क्लाइमेट लीव की शुरुआत की, आपात स्थिति में होगी मदद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** स्पेन। स्पेन की सरकार ने पेड क्लाइमेट लीव की शुरुआत की है, जिससे कर्मचारियों को मौसम की आपात स्थिति के दौरान यात्रा से बचने के लिए चार दिनों तक की छुट्टी लेने की अनुमति होगी। यह निर्णय अक्टूबर के अंत में वालेंसिया में आई विनाशकारी बाढ़ के एक महीने बाद आया है, जिसमें 230 लोग मारे गए थे। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इस अनोखी पहल से कर्मचारियों को काफी मदद मिलेगी।

द गार्जियन के अनुसार, यह नीति तब आई है जब कई कंपनियों को राष्ट्रीय मौसम एजेंसी द्वारा जारी रेड अलर्ट के बावजूद कर्मचारियों को बाढ़ के दौरान काम करते रहने का आदेश देने के लिए आलोचना का सामना करना पड़ा।

कंपनियों ने तर्क दिया कि उन्हें अधिकारियों द्वारा पर्याप्त रूप से सूचित नहीं किया गया था और दशकों में यूरोपीय देश की सबसे घातक बाढ़ के दौरान कार्रवाई करने में उनकी विफलता के लिए टेलीफोन अलर्ट में देरी को जिम्मेदार ठहराया। श्रम मंत्री योलान्डा डायस ने सार्वजनिक प्रसारक आरटीवीई को बताया कि नई नीति का उद्देश्य जलवायु आपातकाल के अनुसार विनियमन करना है ताकि कोई भी श्रमिक जोखिम लेने के लिए मजबूर न हो।



## पहले भारत से रिश्ते हुए खराब, अब ट्रंप से मिली धमकी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फ्लोरिडा। भारत से रिश्ते खराब होने के बाद अब कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो को अमेरिका से भी संबंध बिगड़ने का डर सता रहा है। अमेरिका के नवनियुक्त राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में कनाडा सरकार को धमकी दी थी, जिसके बाद से ट्रूडो घबराए हुए लग रहे हैं। इसका इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि ट्रंप की टैरिफ बढ़ोतरी की धमकी के बाद आज ट्रूडो अचानक अमेरिका के फ्लोरिडा पहुंच गए। ट्रूडो के कार्यालय के अनुसार, कनाडाई पीएम का अमेरिका जाने का कोई शेड्यूल नहीं था, वो अचानक ही डोनाल्ड ट्रंप के फ्लोरिडा स्थित रिसॉर्ट में पहुंचे। समाचार एजेंसी रायटर ने एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार बताया, ट्रूडो को ट्रंप के मार-ए-लागो रिसॉर्ट जाने के लिए फ्लोरिडा के वेस्ट पाम बीच स्थित एक होटल से निकलते हुए देखा गया।

# इटली में सरोगेसी को अब कहा जाएगा यूनिवर्सल क्राइम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इटली सीनेट ने सरोगेसी पर बैन लगाने वाले कानून को पारित कर दिया है। इस देश में सरोगेसी पहले से ही अवैध है और 2004 से ही है, ऐसे में यह नया कानून बैन को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है। बताया जा रहा है सरोगेसी पर नए कानून के बाद से इसे यूनिवर्सल क्राइम कहा जा रहा है।

बैन का वर्णन करने के लिए अपराध (रीटो यूनिवर्सल) शब्द के इस्तेमाल ने और अधिक चिंता बढ़ा दी है। यह भाषा इतने गंभीर माने जाने वाले अपराधों के लिए इतालवी आपराधिक संहिता के शब्दों की याद दिलाती है कि वे मूल्य का उल्लंघन करते हैं। इसलिए यह शब्द सरोगेसी को

### मेलोनी सरकार ने पारित किया नया कानून

नरसंहार और मानवता के खिलाफ अपराधों के बराबर रखता है। सरोगेसी को अनुमति दी जानी चाहिए या प्रतिबंधित, इस पर देश एकमत नहीं है। विभिन्न प्रतिबंधों और सुरक्षा उपायों के बावजूद, कई लोग इसकी अनुमति देते हैं। ग्रीस में, गैर-व्यावसायिक सरोगेसी 2002 से कानूनी है, जिससे भावी माता-पिता को जन्म के समय कानूनी पितृत्व प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। कैलिफोर्निया में व्यावसायिक सरोगेसी सरोगेट को मुआवजा मिलने की भी अनुमति है।

फ्रांस और जर्मनी सहित अन्य देश सरोगेसी पर प्रतिबंध लगाते हैं। इसका मतलब यह है कि बच्चे के जन्म के समय सरोगेट ही कानूनी मां होती है, लेकिन वे अभी भी आम तौर पर भावी माता-पिता को अन्य तरीकों से बच्चे के साथ कानूनी बंधन स्थापित करने की अनुमति देते हैं, उदाहरण के लिए सरोगेट मां के साथ-साथ आनुवंशिक पिता को या गोद लेने के माध्यम से दोनों माता-पिता को कानूनी मान्यता देकर, ऐसे मामलों में सरोगेसी की मांग विदेश में की गई है।

इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने नए सरोगेसी प्रतिबंध को सामान्य ज्ञान कहा। वहीं अन्य लोग इस बैन को महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के विपरीत मानते हैं। 2014 में इसने अपने मेनेसन बनाम फ्रांस फैसले में सरोगेसी पर गौर किया था।

## एक और भारतीय लड़की पाकिस्तानी प्रेमी को दे बैठी दिल


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुजफ्फराबाद। अंजू के बाद एक और भारतीय लड़की अपने पाकिस्तानी प्रेमी से शादी करने के लिए वहां पहुंच गई है। भारतीय लड़की बिना वीजा अवैध तरीके से एलओसी पार करके पीओके पहुंच गई। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इस भारतीय लड़की का नाम फातिमा है और यह जम्मू कश्मीर की रहने वाली है। फातिमा अपने प्रेमी से शादी करने के लिए अवैध तरीके पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर या पीओके के इलाके में घुस गई। पीओके की पुलिस को जब भारतीय लड़की के आने की जानकारी मिली तो उसने फातिमा को अरेस्ट कर लिया। फातिमा के प्रेमी का नाम इमरान है और उसे भी अरेस्ट कर लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक पीओके की कहूटा पुलिस ने जम्मू कश्मीर की लड़की फातिमा को अवैध तरीके से घुसने के आरोप में अरेस्ट किया है।

## Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# यात्रा व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए अपना प्रस्ताव दें सभी विभाग

**तैयारी**

## आगामी चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं में जुटा प्रशासन

**संवाददाता**

चमोली। चमोली में आगामी चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए तैयारियां शुरू हो गई है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने शनिवार को यात्रा व्यवस्थाओं से जुड़े समस्त अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि विगत यात्रा अनुभव एवं यात्राकाल की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आगामी यात्रा को सुगम बनाने हेतु व्यवस्थाओं को सुदृढ किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए यात्रा व्यवस्थाओं को ठीक करने के लिए सभी संबंधित विभाग अपना प्रस्ताव दें। इसमें जिले स्तर से जो काम हो सकते है, उनको तत्काल शुरू किया जाए और जो बडे कार्य होने है उनके लिए आंगणन तैयार किया जाए ताकि बड़े कार्यो के लिए शासन स्तर से स्वीकृति ली जा सके।



जिलाधिकारी ने एनएचआईडीसीएल, बीआरओ, लोक निर्माण विभाग और पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को निर्देशित किया कि बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर सिकिंग एवं स्लाइड जोन पर ट्रीटमेंट कार्यो को यात्रा से पहले पूर्ण कराया जाए। कमेडा, नंदप्रयाग, पागल नाला के ट्रीटमेंट और मलवा निस्तारण कार्यो को प्राथमिकता पर ठीक करें। यात्रा मार्ग पर सभी वैकल्पिक मार्गो का सुधारीकरण के साथ स्लाइड जोन को भी ठीक कराया जाए। कर्णप्रयाग–कालेश्वर, नंदप्रयाग–कोठियासैंण और चमोली–छिनका–पीपलकोटी वैकल्पिक मोटर मार्गो का सुधारीकरण एवं चौडीकरण किया जाए।

गोपेश्वर–मंडल–चोपता मोटर मार्ग, कर्णप्रयाग–पोखरी और ग्वालदम–सिमली–कर्णप्रयाग मोटर मार्गो पर स्थित स्लाइड जोन, वोटलनेक प्वाइंट को ठीक कराने के साथ अतिक्रमण को हटाया जाए। गोपेश्वर नगर क्षेत्र में नालियों को ठीक करने के साथ जाली लगाकर सड़क को चौडा बनाया जाए। बद्रीनाथ में विद्युत के सब स्टेशन के लिए पांडुकेश्वर से बद्रीनाथ विद्युत लाइन बिछाने के लिए विद्युत विभाग को बीआरओ के साथ संयुक्त निरीक्षण कर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जल संस्थान को बद्रीनाथ में पेयजल व्यवस्था एवं सीवरेज सिस्सटम को ठीक करने के लिए शीघ्र प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। बद्रीनाथ में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ीकरण करने एवं माणा बस स्टेशन से माणा तक स्ट्रीट लाइट लगाने, शौचालय, पार्किंग की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। हेमकुंड यात्रा मार्ग पर पुलना तक सड़क के मोडों का चौडीकरण व सुधारीकरण करने, यात्रा मार्ग पर मोर्चरी की व्यवस्था करने को कहा। जिलाधिकारी ने सुलभ अधिकारियों को यात्रा मार्ग पर स्थित सभी शौचालयों का नियमित संचालन एवं साफ सफाई की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिए। इस दौरान यात्रा से जुड़ी विभिन्न व्यस्थाओं पर विचार विमर्श के साथ विभागीय अधिकारियों के सुझाव भी लिए गए।

## न्यूज डायरी

### पत्रकार संघ का एक दिवसीय अधिवेशन जरमोला में हुआ संपन्न

**संवाददाता** पुरोला। जनपद उत्तरकाशी के पुरोला में रवांई घाटी पत्रकार संघ का एक दिवसीय अधिवेशन जरमोला में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक दुर्गेश्वर लाल पंहुचे और संगठन ने विधायक का बुग्गे,शॉल और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया वहीं विधायक ने रवांई घाटी पत्रकार संघ से जुड़े पत्रकारों का सम्मान किया और सभी पत्रकारों का परिचय जाना। पत्रकार संघ की तरफ से विधायक का धन्यवाद किया गया और पत्रकार संघ के अध्यक्ष सुनील थपलियाल ने पत्रकारों की मांगे रखी। थपलियाल ने बताया कि उत्तरकाशी जिले जैसे सीमांत जनपद में रहने वाले पत्रकारों को सरकार बीस लाख का बीमा करवाये और तहसील तथा विकासखण्ड स्तर पर सभी पत्रकारों को मान्यता दे। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का एक सजग प्रहरी है और अपनी जान जोखिम में डालकर जनहित के मुद्दे उठाने का काम करतें हैं।

### भूमि विधियों के संबंध में गोष्ठी का किया गया आयोजन

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के निर्देशों के क्रम में शनिवार को उपजिलाधिकारी चमोली राजकुमार पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को नन्दानगर विकासखण्ड सभागार में भूमि विधियों के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, पत्रकारों अधिवक्ताओं के सुझाव लिए गए। गोष्ठी में भूमि विधियों में परिवर्तन करने हेतु 13 प्रस्ताव मिलें हैं। उनमें से मुख्य– उत्तराखण्ड में भूमि विधियों में परिवर्तन हिमाचल प्रदेश की तर्ज पर किए जाए। बाहरी व्यक्तियों के भूमि क्रय रोक लगाई जाए। बाहरी व्यक्तियों को उद्योग के लिए सिर्फ 10 साल की लीज पर भूमि दी जाए। जो मूल निवासी है और भूमिहीन हैं उनको भूमि उपलब्ध करायी जाए।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने एक लाखवां अर्बन क्रूजर हाइराइडर होने का जश्न मनाया

**संवाददाता** हल्द्वानी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने घोषणा की कि भारत में अर्बन क्रूजर हाइराइडर की 1,00,000 गाड़ियों की बिक्री की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर ली गई है। यह उपलब्धि बाजार में बी–एसयूवी की मजबूत स्वीकार्यता और भारतीय ग्राहकों में हाइब्रिड तकनीक को अपनाने के बढ़ते रुख को रेखांकित करती है। जुलाई 2022 में लॉन्च की गई अर्बन क्रूजर हाइराइडर में टोयोटा की विश्वस्तरीय हाइब्रिड तकनीक को बेहतरीन डिजाइन, प्रीमियम आराम और बेहतरीन प्रदर्शन के साथ जोड़ा गया है। यह तीन पावरट्रेन में उपलब्ध है– सेल्फ–चार्जिंग स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड इलेक्ट्रिक ख्एसएचईवी,, नियो ड्राइव और सीएनजी पावरट्रेन।

## चमोली के नर्सिंग कॉलेज को पीजी कक्षाओं के संचालन की अनुमति

**संवाददाता** चमोली। चमोली जिले में संचालित राजकीय नर्सिंग कॉलेज पठियालधार, गोपेश्वर को अब पोस्ट ग्रेजुएट कक्षाओं के संचालन की अनुमति मिल गई है। शासन की ओर से कॉलेज में 25 सीटों के साथ एमएससी नर्सिंग की कक्षाओं के संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। कॉलेज प्रबंधन के अनुसार आगामी सत्र से यहां एमएससी नर्सिंग की कक्षाओं का संचालन शुरु कर दिया जाएगा।

राजकीय नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्य डा. ममता कपरुवाण ने बताया कि शासन की ओर से कॉलेज को कम्युनिटी हेल्थ, मेंटल हेल्थ, ऑब्स एंड गायनी, चाइल्ड हेल्थ व मेडिकल सभी ट्रेड में एमएससी नर्सिंग कक्षाओं के संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। कहा कि प्रथम सत्र में 25 सीटों के साथ कक्षाओं के संचालन की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्राचार्य ने बताया कि वहीं कॉलेज में एमएससी नर्सिंग की कक्षाओं के संचालन के लिए भवन और आवासीय भवनों के निर्माण के लिए शासनादेश जारी हो गया है। कहा कि आगामी सत्र से जहां एमएससी नर्सिंग की कक्षाओं का संचालन शुरु कर दिया जाएगा। वहीं जल्द ही भवनों के निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी।



कॉलेज को कक्षा कक्ष और आवासीय भवनों के निर्माण की भी मिली स्वीकृति



## राजस्व विभाग के कार्मिकों को दिया गया नए कानूनों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**संवाददाता** चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी के पर्यवेक्षण में जिला पंचायत सभागार में राजस्व विभाग के कार्मिकों, कार्यकारी मजिस्ट्रेट, तहसीलदारों, नायब तहसीलदारों,राजस्व निरीक्षकों तथा राजस्व उप निरीक्षकों को नए कानूनों के सफल व प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। पुलिस विभाग के मास्टर ट्रेनर बृजमोहन पंत, कृष्णा सती, एवं सहायक अभियोजन अधिकारी मनमोहन सिंह ने राजस्व कर्मियों को भारतीय न्याय संहिता 2023, भारत नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 नामक तीन नये कानून 01 जुलाई से 2024 लागू किए गए हैं।

# वंचित पेंशनधारकों के लिए आयोजित किए जाएंगे विशेष शिविर

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। जनपद के अंतर्गत ऐसे सभी पात्र लाभार्थी जो पेंशन संबंधी योजनाओं से वंचित हैं तथा उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिलाधिकारी ने ऐसे लाभार्थियों हेतु विकासखंड वार विशेष शिविर आयोजित करने के आदेश दिए हैं। शिविर में लाभार्थियों के जरूरी दस्तावेज तैयार किए जाएंगे, ताकि वंचित पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके।

जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने बताया कि प्रायः उनके संज्ञान में आ रहा है कि जनपद के अंतर्गत कतिपय व्यक्ति पेंशन योजनाओं से वंचित हैं, जिन्हें लाभ नहीं मिल पा रहा है। उक्त प्रकरण का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने पेंशन से वंचित लाभार्थियों हेतु विशेष शिविर पेंशन संतृप्तिकरण अभियान चलाए जाने के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 06 सदस्यों की जनपद स्तरीय टीम का गठन किया है। समिति द्वारा विकासखंड वार रोस्टर जारी किया जाएगा। 'पेंशन संतृप्तिकरण अभियान' के तहत आयोजित शिविर में लाभार्थियों की पेंशन से संबंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

**शिविर के सफल संचालन हेतु जनपद व विकासखंड स्तर पर टीमें गठित**

इसके अलावा विकासखंड स्तर पर भी संबंधित तहसीलदार की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय टीम गठित की गई है, जो आयोजित शिविर में पात्र लाभार्थियों का आय प्रमाण पत्र व स्थाई निवास प्रमाण पत्र आदि जरूरी दस्तावेज मौके पर ही अविलंब जारी करना सुनिश्चित करेगी। पेंशन संबंधी अधिक जानकारी के लिए 6399826926 अथवा 9643760208 पर संपर्क किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने उक्त गठित टीमों के अधिकारियों से निर्धारित रोस्टर समयानुसार आयोजित करने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि पेंशन संतृप्तिकरण अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविर के बाद भी यदि पेंशन संबंधी कोई प्रकरण उनके संज्ञान में आता है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।

## उत्तरकाशी की पहली महिला एसपी ने संभाला कार्यभार

**संवाददाता** उत्तरकाशी। जनपद उत्तरकाशी की नवनियुक्त महिला पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल ने आज शनिवार को उत्तरकाशी पुलिस कप्तान के रुप में कार्यभार संभाला। राज्य गठन के बाद वह जनपद उत्तरकाशी की 19वीं तथा पहली महिला पुलिस अधीक्षक हैं। कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व उनके द्वारा सर्वप्रथम उत्तरकाशी स्थित विश्वनाथ मंदिर में बाबा काशी विश्वनाथ की पूजा–अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया।

चार्ज ग्रहण करने के उपरांत उनके द्वारा पुलिस कार्यालय उत्तरकाशी में पुलिस के अधिकारियों के साथ मीटिंग आयोजित कर जनपद की अपराध, कानून, सुरक्षा तथा पुलिस व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया गया। उनके द्वारा बताया गया कि जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा अपराध पर अंकुश लगाने हेतु वह लगातार प्रयासरत रहेंगी।

विचार-प्रवाह देहरादून, रविवार, 1 दिसंबर 2024 पेज थ्री www.page3news.in

# बादल मुक्त अकाली नेतृत्व

**पिछले करीब तीन दशकों में यह पहला मौका है जब शिरोमणि अकाली दल के टॉप पर बादल परिवार का कोई सदस्य नहीं है। खुद सुखबीर बादल की बात की जाए तो उन्होंने 2008 में पिता प्रकाश सिंह बादल के हाथों से पार्टी की कमान ली थी। इन डेढ़ दशकों में धीरे-धीरे पार्टी का ग्राफ नीचे ही आता रहा।**

अनुज श्रीवास्तव।।

आखिर शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। करीब ढाई महीने पहले अकाल तख्त की ओर से तनखैया (धार्मिक कदाचार का दोषी) घोषित किए जाने के बाद से ही उन पर पद छोड़ने का दबाव था। कई वजहों से यह इस्तीफा पंजाब की राजनीति का एक अहम मोड़ साबित हो सकता है।

पिछले करीब तीन दशकों में यह पहला मौका है जब शिरोमणि अकाली दल के टॉप पर बादल परिवार का कोई सदस्य नहीं है। खुद सुखबीर बादल की बात की जाए तो उन्होंने 2008 में पिता प्रकाश सिंह बादल के हाथों से पार्टी की कमान ली थी। इन डेढ़ दशकों में धीरे-धीरे पार्टी का ग्राफ नीचे ही आता रहा। 2017 के विधानसभा चुनावों में यह सत्ता से बाहर हुई और 2022 में महज तीन विधानसभा सीटों पर सिमट गई। 2024 के लोकसभा चुनावों में इसका वोट शेयर 2019 के 27.5 प्रतिशत से घटकर 13.4 प्रतिशत पर आ गया और इसे राज्य की कुल 13 लोकसभा सीटों में से मात्र एक सीट पर कामयाबी मिली।

इस बीच आम आदमी पार्टी के रूप में प्रदेश राजनीति में एक ऐसे नए खिलाड़ी का उद्‌भव हुआ, जिसने प्रदेश के पारंपरिक राजनीतिक स्वरूप को बदल कर रख दिया। जाहिर है, अकाली दल के सामने अस्तित्व को बनाए रखने की चुनौती है। ऐसे में अस्वाभाविक नहीं कि बादल के नेतृत्व को पार्टी के अंदर से भी गंभीर चुनौतियां मिल रही थीं।



अकाली दल सुधार लहर के रूप में असंतुष्टों का एक ऐसा ग्रुप पार्टी में उभर आया है, जो उनकी राह में लगातार मुश्किलें खड़ी कर रहा था। हालांकि पार्टी में चल रहे इस आंतरिक संघर्ष को अभी किसी नतीजे पर पहुंचा नहीं माना जा सकता। तनखैया घोषित होने से ठीक पहले बादल ने अपने करीबी बलविंदर सिंह भुंडर को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया था। 18 नवंबर को भुंडर ने कार्यसमिति की बैठक बुलाई है जिसमें बादल के इस्तीफे पर विचार होना है। बैठक पर तो निगाहें टिकी ही हैं, विरोधियों को यह भी आशंका है कि अगले महीने होने वाले चुनाव के जरिए बादल फिर से अध्यक्ष निर्वाचित हो सकते हैं।

बहरहाल, इस आंतरिक संघर्ष का पार्टी की शक्ति और प्रभाव पर कैसा असर होता है, इस पर सबकी नजरें हैं। इसके नतीजे सिख राजनीति के स्वरूप को प्रभावित कर सकते हैं। इसके अलावा आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और बीजेपी जैसी तमाम पार्टियां भी इस स्थिति से अधिकाधिक फायदा उठाने की कोशिश करेंगी। यानी आने वाले कुछ हफ्ते और महीने इस सीमावर्ती राज्य के लिए खासे अहम साबित हो सकते हैं।

## नेक दिल इंसान

धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** किसी गांव में एक गरीब ब्राह्मण रहता था जिसका नाम सुमन था। सुमन शुरुआती दिनों में बहुत ज्यादा हमीर कथा बहुत ज्यादा नेक दिल इंसान था। हालांकि वे अभी भी एक नेक दिल इंसान ही थे लेकिन उन्होंने इतना दान किया इतना दान किया कि वह खुद ही गरीब हो गया था। लेकिन फिर भी गरीब ब्राह्मण कभी अपने दानी होने पर घमंड नहीं किया था और वह हमेशा से ही दान करता रहा था अब वह बहुत ज्यादा गरीब हो गया था लेकिन फिर भी वह अगर एक रोटी भी दान करने के लिए मिल जाता तो वरदान करने से पीछे नहीं हटता था। ब्राह्मण एक ऐसा दानी था जोकि अपनी दान करने के लिए खुद ही गरीब हो गया था। आपको बता देंगे सुमन ब्राह्मण सोचा था कि हम इतना ज्यादा दान करूंगा तो भगवान मुझे जरूर मदद करेंगे।

...शेष कल

# संपादकीय

## मौलिक अधिकार

अब जनता की कानूनी लड़ाई सरकारी तंत्र से भी होती है। नागरिकों को संविधान के तहत मौलिक अधिकार दिए गए हैं। यह सुनिश्चित करना सरकार का दायित्व है कि सभी के मौलिक अधिकार सुरक्षित रहें। इनका अगर कोई उल्लंघन करता है तो उसके लिए हाईकोर्ट में अनुच्छेद–226 और सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद–32 के तहत रिट दाखिल किए जाने का प्रावधान है। ऐसा कोई मामला सामने आने पर सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट सरकार को निर्देश जारी करती है कि वह अमुक शख्स के मौलिक अधिकार के उल्लंघन को रोके। एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक देश में जहां संविधान सर्वोपरि है, कानून का शासन है और अदालतें खुद संज्ञान लेकर सरकारों को निर्देश जारी करती हैं, वहां न्याय की देवी के हाथ में तलवार के बदले संविधान देना और आंख से पट्टी हटाया जाना मौजूदा न्याय प्रणाली के व्यापक स्वरूप को जाहिर करता है।

**न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटने और हाथ में संविधान की प्रति देने को प्रतीकात्मक तौर पर अगर देखें तो इससे सकारात्मक और व्यापक सोच का पता चलता है।**

# क्या है संदेश

राजेश चौधरी।।

हाल के दिनों में कई औपनिवेशिक कानूनों और प्रतीकों को हटाया गया है। अंग्रेजी हुकूमत के समय बनाए गए संसद भवन की जगह नया संसद भवन देश को पहले ही मिल गया था। सुप्रीम कोर्ट परिसर में बाबा साहेब आंबेडकर की मूर्ति लगाई गई। इसी कड़ी में पिछले साल संविधान दिवस के मौके पर न्याय की देवी की नई मूर्ति के निर्माण के बारे में सोचा गया।

नई प्रतिमा सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में स्थापित की गई है। इसमें न्याय की देवी की आंखों पर पट्टी नहीं है। दाएं हाथ में पहले की तरह तराजू है, लेकिन बाएं हाथ में तलवार की जगह संविधान है। न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटने और हाथ में संविधान की प्रति देने को प्रतीकात्मक तौर पर अगर देखें तो इससे सकारात्मक और व्यापक सोच का पता चलता है।

प्रतीक में बदलाव के बाद न्याय की देवी का जो नया रूप है, उससे संदेश मिलता है कि देश का कानून सब कुछ देख सकता है। न्यायपालिका की आंखें बंद नहीं हैं और वह संविधान के अनुरूप काम करती है। हाल ही में देश की संसद ने ब्रिटिश काल के प्च्ब, ब्त्च्ब और इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए।





सुप्रीम कोर्ट के वकील ज्ञानंत सिंह बताते हैं कि न्याय की देवी का जो रूप हम अब तक देखते आए हैं, वह 17वीं और 18वीं सदी का कॉन्सेप्ट रहा है। तब न्याय राजा किया करता था। राजा में लोग भगवान का रूप देखते थे। राजा सर्वशक्तिमान होता था। उसके फैसले के खिलाफ कोई अपील नहीं की जा सकती थी। उस सिद्धांत को रूल ऑफ मेन (राजा का कानून) कहा गया है। यानी राजा जो कहता था वह कानून था और जो फैसला देता वह आखिरी होता था।

आजादी के बाद लोकतांत्रिक देश के तौर पर भारत द्वारा अपनाई गई न्याय प्रणाली का विश्लेषण किया जाए तो अब संसद कानून बनाती है और न्यायपालिका उसके तहत विवादों के निपटारे के लिए सुनवाई कर फैसला देती है। भारत में कानून का राज है। कानून के शासन का सिद्धांत संविधान से आया है। संविधान भारत के लोगों के लिए है और सर्वमान्य है। इसीलिए इसकी प्रस्तावना की पहली लाइन में लिखा है, 'हम भारत के लोग३'। यानी आजादी के बाद संविधान के दायरे में न्याय होता है। यही कारण है कि न्याय की देवी के हाथ में तलवार की जगह संविधान देना प्रगतिशील सोच है।

ध्यान रहे, न्याय की देवी की आंखों पर पट्टी का मतलब यह कतई नहीं था कि कानून अंधा होता है। इसके पीछे सिद्धांत यह है कि कानून दो पक्षों को, उससे जुड़े लोगों को, उनकी ताकत या प्रभाव को नहीं देखता। उसके लिए सभी बराबर होते हैं और वह निष्पक्ष होकर फैसला देता है। लेकिन अब जब आंख की पट्टी हटाई गई है और न्याय की देवी देख सकती हैं तो इसे भी सीमित अर्थों में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके भी व्यापक मायने हैं।

## अष्टयोग-5078

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | | 4 | 5 | 7 | |
| | 25 | 7 | 32 | | 36 | |
| | 2 | | 6 | 3 | | 4 |
| 3 | 31 | 6 | 32 | | 33 | |
| | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | 37 | 5 | 31 | | 30 | |
| | 5 | | 3 | 2 | 7 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 5077 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 33 | 7 | 35 | 1 | 28 | 3 |
| 1 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 |
| 2 | 35 | 3 | 35 | 7 | 32 | 6 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 4 | 2 | 1 |
| 6 | 33 | 1 | 31 | 5 | 30 | 4 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 2 | 5 | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### जनहित याचिका का सिद्धांत

**मोहन।** यह जानना होगा कि जब राजाओं का शासन था तब मामला दो पक्षों के बीच का होता था। राजा खुद पक्षकार नहीं होते थे। वह दोनों पक्षों की बातें सुनकर फैसला देते थे। लेकिन मौजूदा दौर में मामला सिर्फ दो पक्षों के बीच के विवाद तक सीमित नहीं होता। यही नहीं, जनहित याचिका का सिद्धांत भी है। अगर मामला व्यापक हित का हो तो सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट उनमें दखल देते हैं। ऐसे हजारों मामले हैं जिनमें हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट खुद से संज्ञान लेती है। अगर किसी के मौलिक अधिकार के हनन का मामला हो या जनहित से जुड़ा मामला तो अदालतें खुद उसका नोटिस लेती हैं और फैसला देती हैं। यानी अदालतें इस बात का इंतजार नहीं करतीं कि पक्षकार जब उनके सामने आएंगे, तब फैसला दिया जाएगा।






## 5वीं बार दर्शकों को मिला सिनेमा लवर्स डे का बम्पर ऑफर

बॉक्स ऑफिस पर फिल्मों के खराब प्रदर्शन से बेहाल सिनेमावालों ने एक बार फिर मल्टीप्लेक्सों पर सेल लगाने की घोषणा कर दी है। दरअसल, अगले हफ्ते अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 की रिलीज से पहले इस हफ्ते कोई नई हिंदी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है। इसलिए मल्टीप्लेक्स सिनेमावालों ने इस मौके को भुनाने के लिए एक बार फिर इस शुक्रवार को महज 99 रुपए में किसी भी शो में किसी भी फिल्म को दिखाने की घोषणा कर दी है। फिल्मी दुनिया के जानकारों की मानें तो इस साल में पांचवी बार सिनेमावालों ने इस तरह की बंपर सेल की घोषणा की है। बता दें कि इससे पहले फरवरी, मई और अगस्त के महीनों में सिनेमा लवर्स डे मनाया गया था। वहीं इससे पहले सितंबर में नैशनल सिनेमा डे के मौके पर भी दर्शकों को सस्ते दामों में अपनी पसंदीदा फिल्में देखने का मौका मिला था। इस हफ्ते साल में पांचवी बार दर्शकों को महज 99 रुपए में सिनेमा हॉल जाकर फिल्में देखने का मौका मिलेगा। सिनेमा की दुनिया के जानकारों से जब हमने यह पता लगाने की कोशिश की कि आखिरकार सिनेमावालों को बार–बार सेल क्यों लगानी पड़ रही है?

## सेल्फी लेते थे, घर नहीं देते थे, कल्कि केकलां का खुलासा


बॉलीवुड एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन ने एक चौंकाने वाला खुलासा किया है। उन्होंने हाल ही में बताया कि पति अनुराग कश्यप को तलाक देने के बाद उनके लिए किराए पर घर ढूंढना मुसीबत हो गया है। कोई भी अकेली औरत को किराए पर घर नहीं देखना चाहता है। एक्ट्रेस कल्कि कोचलिन ने कहा, जब मेरा और अनुराग का तलाक हुआ था तो वे दो फिल्में रिलीज हुई थीं– जिंदगी ना मिलेगी दोबारा और ये जवानी है दीवानी। फिर ये तलाक हो गया। बता दें कि अनुराग और कल्कि साल 2011 से लेकर 2015 तक शादीशुदा थे। 2013 तक वो अलग हो गए थे। कल्कि ने कहा, फिर मुझे रहने के लिए जगह नहीं मिली। कोई भी मुझे मुंबई में अकेली महिला के रूप में किराये पर घर नहीं देता था। मैं सोचती थी, मैं फेमस हूं। आप मेरे साथ सेल्फी लेना चाहते हैं, लेकिन आप मुझे घर नहीं देना चाहते। कल्कि ने अनुराग की फिल्म श्देव डीश से एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इस फिल्म के तुरंत बाद दोनों ने डेटिंग शुरू की थी और 2011 में शादी कर ली थी।

## नागा चैतन्य और नेटफ्लिक्स में नहीं हुई शादी के डॉक्यूमेंट्री की कोई डील



तेलुगू एक्टर नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला की शादी हैदराबाद में 4 दिसंबर को है लेकिन उसके पहले इनका प्री–वेडिंग फंक्शन शुरू हो गया है। हल्दी सेरेमनी की तस्वीरें भी सामने आईं, जिसमें दोनों पीले रंग में रंगे हुए नजर आए। इस बीच एक्टर ने उन रिपोर्ट्स को भी खारिज किया, जिसमें दावा किया गया था कि इनके शादी के राइट्स नेटफ्लिक्स को 50 करोड़ रुपये में बेचे गए हैं। दरअसल, बीते दिन ऐसी खबरें थीं कि नागा चैतन्य और उनके परिवार ने शादी के वीडियो के अधिकार 50 करोड़ रुपये में बेचे हैं। अब एक्टर ने जूम से बात की और इन खबरों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, यह झूठी खबर है। ऐसी कोई डील नहीं हुई है। जबकि दावा किया गया था कि नयनतारा की डील जहां 25 करोड़ में हुई है। वहीं, नागा चैतन्य ने एक्ट्रेस को पीछे छोड़ दिया है और सबसे मंहगी डील साइन की है। लेकिन अब एक्टर ने साफ–साफ मना कर दिया है कि उनकी ऐसी कोई डील नहीं हुई है। एक्टर ने आगे बताया कि शादी की रस्में शोभिता के परिवार की ही रीति–रिवाजों के हिसाब से होंगी। शादी ग्रांड नहीं होगी। सिर्फ परिवार और करीबी दोस्त ही शामिल होंगे। अगस्त महीने में कपल ने सगाई की थी तो उसके बारे में भी पहले कोई जानकारी नहीं दी थी। सीधे तस्वीरें शेयर कर सबको चौंका दियाथा। एक्टर ने अपनी शादी को श्प्राइवेट अफेयरश बताया है।

# रायसा का रेज्यूमे हुआ वायरल तो भड़की नेपोटिज्म की चिंगारी



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*एक्ट्रेस अनन्या पांडे इंडस्ट्री में तो अपने काम से परचम लहरा रही हैं। वहीं, उनकी बहन रायसा पांडे पांडे भी उनसे कम नहीं हैं। साल 2022 में वह मां भावना पांडे के रियलिटी शो द फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स 2 में नजर आई थीं। उसके बाद से सभी को बस इतना पता था कि वह अमेरिका में NYU टिश स्कूल ऑफ आर्ट्स में फिल्ममेकिंग का कोर्स कर रही हैं। अब, उनके लिंक्डइन अकाउंट से उनका रेज्यूमे वायरल हो गया है, जिसके बाद लोगों ने नेपोटिज्म का मुद्दा छेड़ दिया है।*

**बचाव में उतरे लोगों ने की बोलती बंद**

एक एक्स यूजर ने लिंक्डइन पेज से रायसा पांडे के रेज्यूमे का स्क्रीनशॉट शेयर किया, जिसमें तीन टॉप प्रोडक्शन हाउस में इंटर्न के तौर पर उनके काम के अनुभव के बारे में बताया गया है। इसमें पहला जो है वो चार महीने के लिए शाहरुख खान और गौरी खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ है। दूसरा एक महीने के लिए फरहान अख्तर और रितेश सिधवानी की एक्सेल एंटरटेनमेंट और एक महीने के लिए जोया अख्तर और रीमा कागती की टाइगर बेबी के साथ की गई इंटर्नशिप का जिक्र किया गया है।

**रायसा पांडे के बचाव में उतरे इंटरनेट यूजर्स**

अब इसी को शेयर करते हुए यूजर ने लिखा, ओह अच्छा! पुराना नेपोटिज्म है। लेकिन दूसरे यूजर्स ने रायसा का बचाव किया है। उन्होंने नेपोटिज्म के आरोपों को खारिज किया है और अनन्या की बहन का साथ दिया है। एक यूजर ने लिखा, अगर मैं नेपोटिज्म का फायदा उठा सकता हूं तो मैं तो उठाऊंगा ही। एक ने कहा, ये तो कुछ न करने से बेहतर ही है। एक ने कहा, मैं तो नेपोटिज्म का फायदा 24X7 उठाऊंगा। अगर मुझे मौका मिलेगा तो। एक ने कहा, तो आप क्या चाहते हैं कि वह इस बात का फायदा न उठाए?





**अनन्या पांडे की बहन हैं रायसा पांडे**

रायसा एक्टर चंकी पांडे और भावना की छोटी बेटी हैं। उनसे पहले, अनन्या बॉलीवुड से अपने रिश्तों के कारण ऑनलाइन ट्रोलिंग झेल चुकी हैं। उनकी मां लंबे समय से शाहरुख की पत्नी गौरी खान की करीबी दोस्त रही हैं। अनन्या ने 2019 में करण जौहर की फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड डेब्यू किया था। एक्ट्रेस ने राज शमनी के साथ पॉडकास्ट में कहा था कि इन दिनों स्टार किड शब्द का इस्तेमाल अपमान के तौर पर किया जा रहा है। और उनको ये बात बिलकुल पसंद नहीं आती।

# सामंथा रुथ प्रभु के पिता का निधन, फैंस ने दी हिम्मत

*सामंथा रुथ प्रभु के पिता जोसेफ प्रभु का निधन हो गया है, जिसकी जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर दी है। उन्होंने बताया कि उनके पिता के साथ उनके रिश्तों में हमेशा तनाव रहा है। सामंथा को इस कठिन समय में लोगों से सहानुभूति मिल रही है।*



जहां एक तरफ नागा चैतन्य के घर पर खुशी का माहौल है। वहीं, सामंथा रुथ प्रभु पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। उनके पिता जोसेफ प्रभु का निधन हो गया है। इसकी जानकारी खुद एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर दी है।

**इंस्टाग्राम पर साझा किया**

उन्होंने टूटे हुए दिल के साथ अपने फैंस के साथ ये गम साझा किया है और पापा की याद में एक लाइन भी लिखी है। जोसेफ प्रभु की मौत का कारण पता नहीं चल पाया है और वह सामंथा के सोशल मीडिया अकाउंट पर भी कम ही दिखाई देते थे। हाल ही में सामंथा ने अपने पिता के साथ तनाव से भरे रिश्ते के बारे में भी बात की थी।

**सामंथा रुथ प्रभु के पिता की मौत**

सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा, जब तक हम दोबारा नहीं मिलते पापा। एक्ट्रेस ने गलाटा इंडिया को दिए इंटरव्यू में भी पिता संग अपने रिश्ते के बारे में बात की थी। बताया था कि उनके पापा को उन पर बचपन से ही उनकी काबिलियत पर शक था। उन्हें लगता था कि उनकी बेटी होशियार नहीं है। जिस बात का उन पर बुरा असर भी पड़ा था।

**सामंथा के पिता की मौत और नागा चौतन्य की शादी**

सामंथा रुथ प्रभु के पिता की मौत की खबर पर लोगों ने भी रिएक्ट किया। एक यूजर ने लिखा, सामंथा के लिए ये बहुत मुश्किल समय है। उनके पूर्व पति की शादी हो रही है और यहां उनके पिता की मौत हो गई है। भगवान उनको शक्ति दें। एक ने लिखा, यह बहुत ही बुरे समय से गुजर रही हैं। एक ने लिखा, भगवान सामंथा को शक्ति और उनके पिता की आत्मा को शांति दें।

# एकसाथ साफ हो सकते हैं लिवर–किडनी, सही तरीका आना चाहिए

*जैसे शरीर के बाहर की सफाई जरूरी है, ठीक वैसे ही इसे अंदर से भी साफ करना चाहिए। बॉडी के अंदर टॉक्सिन की गंदगी जमने लगती है, जो कि आपको बेहद बीमार बना सकती है। डॉक्टर ने लिवर-किडनी समेत पूरे शरीर को साफ करने का जौ से नेचुरल तरीका बताया है।*



**जौ की डिटॉक्स ड्रिंक बनाने का तरीका**

एक मुट्ठी के करीब जौ को 2 गिलास पानी में डालकर उबालें। जब पानी की मात्रा एक गिलास रह जाए तो आंच से उतार लें। फिर इसे छानकर रख लीजिए। हर आधे से एक घंटे में 1–1 घूंट करके पीना है। लगातार 30 दिन करने पर इन सभी समस्याओं में लाभ मिलेगा।

रोजाना शरीर की अंदर से सफाई करना जरूरी है। क्योंकि हर दिन शरीर के अंदर टॉक्सिन पैदा होते हैं। यह खून, किडनी, लिवर, फेफड़े आदि में जम जाते हैं। अगर इनकी सफाई न की जाए तो फिर कैंसर, इंफेक्शन जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। मगर आयुर्वेदिक एक्सपर्ट डॉ. रोबिन शर्मा का कहना है कि आप एक दिन में केवल घ्2 में पूरे शरीर की सफाई कर सकते हैं। एक्सपर्ट ने बताया कि घ्2 में लिवर–किडनी या पूरे शरीर को डिटॉक्स करने के लिए आपको जौ लेने का सही तरीका आना चाहिए। इससे डिटॉक्स ड्रिंक बनाकर सेवन करने से केवल 30 दिन के अंदर 9 समस्याओं में लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। आइए जानते हैं कि जौ का इस्तेमाल कैसे करें और इससे सुधरने वाली 9 बीमारी कौन–कौन सी हैं।

**लिवर-किडनी होगी डिटॉक्स**

डॉ. रोबिन शर्मा ने लिवर और किडनी को डिटॉक्स करने का तरीका बताया है। जब किडनी या लिवर टॉक्सिन के संपर्क में आता है तो उसका कामकाज बिगड़ने लगता है। जिसकी वजह से सूजन आ सकती है और धीरे–धीरे अंग डैमेज भी हो सकते हैं।

**9 बीमारियों में मिलेगा फायदा**

■लिवर में टॉक्सिन की समस्या
■किडनी में विषाक्त पदार्थ की समस्या
■पूरी बॉडी से टॉक्सिन निकलेंगे
■एसिडिटी की समस्या का उपाय
■यूरीनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन
■किडनी स्टोन
■पीसीओडी या पीसीओएस
■ज्यादा वजन होना
■डायबिटीज में हाई ब्लड शुगर



## कैंसर से नहीं हुई थी कृष्ण कुमार की बेटी तिशा की मौत, मां ने बताया सच

कृष्ण कुमार और तान्या सिंह की बेटी तिशा कुमार का इस साल जुलाई में दुखद निधन हो गया। महीनों बाद, उनकी मां ने एक भावुक नोट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने बेटी के निधन के बारे में गलत धारणाओं के बारे में जिक्र किया है। तान्या ने स्पष्ट किया कि तिशा को कैंसर नहीं था और श्गलत निदानश् की वजह से बेटी का निधन हो गया।

पोस्ट में, तान्या ने लिखा, सच्चाई यह है कि मेरी बेटी को शुरू से ही श्कैंसरश् नहीं था। 15 साढ़े साल की उम्र में, उसे एक टीका लगाया गया, जिससे संभवतः एक ऑटोइम्यून रिएक्शन हुआ, जिसका बाद में गलत निदान किया गया। उस समय हमें इसके बारे में पता नहीं था। उन्होंने माता–पिता से आग्रह किया कि यदि उनके बच्चे को लिम्फ नोड में सूजन का अनुभव हो तो बोन मैरो टेस्ट या बायोप्सी जैसे कठिन प्रोसीजर का ऑप्शन चुनने से पहले दूसरी और तीसरी राय लें। तान्या ने समझाया, लिम्फ नोड्स शरीर की रक्षा करने वाले गार्ड्स हैं, जो इमोशनल ट्रामा, हारने की भावना, या किसी पुराने बिना इलाज किए गए संक्रमण के कारण सूज सकते हैं। दुर्भाग्यवश, हम इस जानकारी के मिलने से पहले ही श्मेडिकल जालश् में फंस चुके थे। उन्होंने अपनी उम्मीद व्यक्त की कि कोई भी बच्चा कभी इस श्क्रूर मेडिकल जालश् का शिकार न हो।

## आचार्य चरक ने आंवला को बताया था ताकतवर चीज, खाने का सही तरीका समझे

सर्दियों का मौसम आ गया है और इन दिनों इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए आपको आंवले का सेवन करना चाहिए। आंवला एक ऐसा सुपरफूड है जो सेहत के छोटी से लेकर बड़ी तक कई स्वास्थ्य समस्याओं में मदद करता है। आंवला के कई फायदे हैं। यह थायरॉइड को संतुलित करने में मदद करता है। बाल झड़ने से रोकता है और समय से पहले सफेद होने की प्रक्रिया को धीमा करता है। इसके अलावा यह पाचन शक्ति बढ़ाता है और एसिडिटी, पेट फूलना और अन्य गैस्ट्रिक समस्याओं में राहत देता है। आयुर्वेद डॉक्टर दीक्षा भावसार ने बताया कि आचार्य चरक ने आंवले को सबसे बेहतरीन कायाकल्प करने वाली जड़ी–बूटी बताया है। सर्दियों में रोजाना आंवला खाने के क्या–क्या फायदे हैं और इसके ज्यादा लाभ लेने के लिए आपको इसका कैसे इस्तेमाल करना चाहिए। आंवला खून साफ करता है, जिससे त्वचा की समस्याएं जैसे मुंहासे, रुखापन, लालिमा और दाने दूर रहते हैं। त्वचा को ग्लोइंग और बालों को मजबूत बनाता है। आंखों की रोशनी बढ़ाता है। आंवला वजन को कंट्रोल रखता है और बढ़ने से रोकता है।

# हिस्टेरेक्टॉमी के बाद महिलाओं में तेजी से क्यों आता है बुढ़ापा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

*40 के बाद महिलाओं के पीरियड्स रेगुलर नहीं रहते। कई महिलाओं को हेवी ब्लीडिंग होती है। बहुत ज्यादा ब्लीडिंग, एंडोमेट्रियोसिस, गर्भाशय में फाइब्रॉएड, गायनेकोलॉजिकल कैंसर जैसी समस्याओं के कारण कई महिलाओं को गर्भाशय निकालना पड़ता है। महिलाओं का गर्भाशय निकालने के लिए की जाने वाली सर्जरी हिस्टेरेक्टॉमी किन स्थितियों में की जाती है इसके बारे में बता रही हैं गुरुग्राम के मदरहुड हॉस्पिटल की ओब्स्टेट्रिशियन और गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. कुसुम लता।*



**गर्भाशय में फाइब्रॉएड**

फाइब्रॉएड आमतौर पर लगभग सभी महिलाओं के गर्भाशय में पाए जाते हैं। अगर महिला को फाइब्रॉएड से कोई तकलीफ नहीं हो रही या इसके लक्षण महसूस नहीं हो रहे, तो आमतौर पर इसके इलाज की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन कुछ महिलाओं के यूट्रस में फाइब्रॉएड इतने बड़े हो जाते हैं कि इससे उन्हें तकलीफ होने लगती है। अगर फाइब्रॉएड के कारण महिला को असहनीय दर्द हो या पीरियड्स में बहुत ज्यादा ब्लीडिंग हो तो सर्जरी की सलाह दी जाती है। जब दवाइयों से काम नहीं चल पाता तो महिला का यूट्रस निकालना पड़ता है।

**असामान्य रक्तस्राव**

मेनोपॉज के दौरान कई महिलाओं को हेवी ब्लीडिंग होती है। कुछ महिलाओं को मेनोपॉज के बाद भी ब्लीडिंग होने लगती है। इस तरह की असामान्य ब्लीडिंग कैंसर के कारण हो सकती है। यदि महिला की उम्र 40 से ज्यादा है, उसके बच्चे बड़े हो चुके हैं, अब वह बेबी प्लान नहीं करना चाहती, तो ऐसी स्थिति में गर्भाशय में किसी भी तरह की असामान्यता के चलते उसे हिस्टेरेक्टॉमी करने को कहा जाता है। पीरियड्स के दौरान गर्भाशय से ही ब्लीडिंग होती है। अगर महिला का गर्भाशय निकाल दिया गया है तो उसे पीरियड्स नहीं होते। इसे सर्जिकल मेनोपॉज कहते हैं।



**यूटेरिन प्रोलैप्स**

उम्र बढ़ने के साथ महिलाओं के गर्भाशय में बदलाव आने लगते हैं। 40 की उम्र के बाद कई महिलाओं को यूटेरिन प्रोलैप्स की समस्या होने लगती है। मेनोपॉज के बाद शरीर में एस्ट्रोजन हार्मोन की कमी के कारण पेल्विक फ्लोर की मसल्स और टिशू कमजोर हो जाते हैं। इसके कारण गर्भाशय बाहर की तरफ खिसकने लगता है। इससे वजाइना पर दबाव बढ़ने लगता है। इसके कारण महिलाएं यूरिन नहीं रोक पातीं और उन्हें ब्लैडर लीकेज की तकलीफ होने लगती है। यदि स्थिति गंभीर है तो महिला को हिस्टेरेक्टॉमी की सलाह दी जाती है।

**पेल्विक इंफ्लेमेटरी डिजीज**

यह एक तरह का बैक्टीरियल इंफेक्शन है। इसके कारण यूट्रस, फैलोपियन ट्यूब, ओवरी और पेट के निचले हिस्से में इंफेक्शन हो सकता है। आमतौर पर यह इंफेक्शन क्लैमाइडिया या गोनोरिया जैसी सेक्शुअल ट्रांसमीटेड डिजीज (एसटीडी) के कारण होता है।

## पुरुषों में एस्ट्रोजन बढ़ते ही 2 हिस्से होने लगते हैं थुलथुले, ज्यादा होना खतरनाक



खून में मौजूद केमिकल को हॉर्मोन कहते हैं। यह विभिन्न अंगों का काम और विकास संभालते हैं। टेस्टोस्टेरोन और एस्ट्रोजन महिलाओं व पुरुषों में होते हैं, लेकिन टेस्टोस्टेरोन पुरुषों में ज्यादा होता है और एस्ट्रोजन महिलाओं में अधिक होता है। पुरुषों में एस्ट्रोजन हॉर्मोन जरूरत से अधिक होना हॉर्मोन इंबैलेंस कहलाता है। हार्मोनल इंबैलेंस किसी व्यक्ति की हेल्थ, फर्टिलिटी और बेली फैट, ब्रेस्ट ग्रोथ व स्किन टैग को प्रभावित करके लाइफ क्वालिटी बिगाड़ते हैं। हॉर्मोन एंड गट हेल्थ कोच मनप्रीत कालरा ने पुरुषों में एस्ट्रोजन बढ़ने के 5 लक्षण बताए हैं, जिन्हें इग्नोर नहीं करना चाहिए। हाई एस्ट्रोजन का लेवल ब्रेस्ट टिश्यू के विकास को बढ़ा सकता है, जिससे गाइनेकोमैस्टिया हो सकता है। इस स्थिति में पुरुषों के ब्रेस्ट टिश्यू बढ़ने लगते हैं। हाई एस्ट्रोजन हॉर्मोन पुरुषों में इनफर्टिलिटी पैदा कर सकता है, जिससे पिता बनने का सपना अधूरा रह सकता है। इस हॉर्मोन के बढ़ने से स्पर्म क्वालिटी और प्रोडक्शन बाधित हो सकता है। एस्ट्रोजन का हाई लेवल बॉडी में फ्लूइड रिटेंशन का कारण बन सकता है। इस स्थिति में हाथों और पैरों जैसी जगहों पर सूजन हो सकती है। इसके साथ दर्द का अनुभव भी हो सकता है। हाई एस्ट्रोजन फैट के फैलाव को प्रभावित कर सकता है। जिसकी वजह से पुरुषों में कूल्हे और जांघ पर फैट बढ़ने लगता है। आमतौर पर महिलाओं के इन हिस्सों पर चर्बी ज्यादा होती है।



## ऑस्ट्रेलिया की साख की बात

पर्थ टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में भारत ने शानदार वापसी की थी। टीम इंडिया ने ये मैच 295 रनों से जीता था। अब दूसरे मैच में जीत हासिल कर टीम इंडिया सीरीज में बढ़त लेने चाहेगी। वहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम नहीं चाहेगी कि वह अब एक भी मैच गंवाए। इसी कारण एडिलेड में वह अपनी पूरी ताकत के साथ उतरना चाहेगी। हालांकि हेजलवुड के जाने से टीम की ताकत में कमी आएगी क्योंकि वह मौजूदा समय के बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए अब उनके बिना भारत को हराना चुनौती होगा।

## पिंक बॉल टेस्ट से पहले ऑस्ट्रेलिया को लगा बहुत बड़ा झटका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले मेजबान टीम को बड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड छह दिसंबर से शुरू हो रहे डे–नाइट टेस्ट मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक हेजलवुड को चोट लगी है जिसके कारण वह ये मैच नहीं खेल सकेंगे। टीम में सीन एबॉट और ब्रेंडन डोगेट को शामिल किया गया है। हेजलवुड एडिलेड में टीम के साथ ही रहेंगे। हेजलवुड के बाहर होने से स्कॉट बोलैंड को दूसरे टेस्ट मैच की प्लेइंग–11 में मौका मिल सकता है। पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में हेजलवुड ने अच्छी गेंदबाजी की थी। पहली पारी में उन्होंने 29 रन देकर चार विकेट लिए थे। इसमें विराट कोहली का विकेट भी शामिल था। दूसरी पारी में भी हेजलवुड ने ज्यादा रन खर्च नहीं किए थे। हालांकि वह एक ही विकेट ले पाए थे। उनकी जगह बोलैंड का खेलना तय माना जा रहा है। बोलैंड भारत और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री इलेवन के बीच खेले जाने वाले मैच में भारत के खिलाफ उतरेंगे। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना आखिरी मैच जुलाई 2023 को हेडिंग्ले में खेला था।

# केन विलियमसन ने न्यूजीलैंड के इतिहास को हिला डाला

### पहले टेस्ट मैच में हालत बेकार, घर में हार की कगार पर न्यूजीलैंड

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान केन विलियमसन ने इंग्लैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच में इतिहास रच दिया है। विलियमसन ने वो कर दिखाया है जो उनके देश का कोई और बल्लेबाज नहीं कर सका। उन्होंने ये काम अपने देश के पूर्व कप्तान और तूफानी बल्लेबाज ब्रेंडन मैक्कलम के सामने किया है जो इस समय इंग्लैंड की टेस्ट टीम के कोच हैं।

विलिसमयन ने पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 61 रन बनाए। इसी के साथ वह वो काम कर गए जो कोई और नहीं कर सका। टेस्ट के खास बल्लेबाजों की लिस्ट में दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने अपना नाम लिखवा लिया है। विलियमसन ने इस पारी के दौरान अपने 9000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। भारत को उसके घर में तीन



मैचों की टेस्ट सीरीज में मात देने वाली न्यूजीलैंड की टीम इस समय संकट में है। इस बार न्यूजीलैंड पर अपने घर में हार का संकट मंडरा रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ क्राइस्टचर्च में खेले जा रहे मैच में न्यूजीलैंड की टीम बैकफुट पर है।

तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 155 रन बनाते हुए चार रनों की बढ़त ले ली है। यहां से लग नहीं रहा है कि न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड को कोई बड़ा टारगेट दे पाएगी। उसकी सारी उम्मीदें अब डैरिल मिचेल पर टिकी हैं जो 31 रन बनाकर नाबाद हैं। उनके साथ नाथन स्मिथ 1 रन बनाकर खेल रहे हैं। इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत पांच विकेट के नुकसान पर 319 रनों के साथ की थी। यहां से हैरी ब्रूक और बेन स्टोक्स ने पारी को आगे बढ़ाया और इंग्लैंड को मजबूत स्कोर दिया। 381 के कुल स्कोर पर हैरी ब्रूक आउट हो गए। उन्हें मैट हेनरी ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडल के हाथों कैच आउट कराया। टिम साउदी ने क्रिस वोक्स को ज्यादा टिकने नहीं दिया और एक रन के निजी स्कोर पर आउट किया। स्मिथ ने गस एटकिंसन को पवेलियन की राह दिखाई जो 48 रन बनाने में सफल रहे। अपनी पारी में उन्होंने 36 गेंदों का सामना करते हुए चार चौके और दो छक्के मारे। 445 पर उनका विकेट गिरा। बेन स्टोक्स शतक की तरफ जा रहे थे लेकिन हैनरी ने उनकी पारी का अंत कर दिया। स्टोक्स ने 146 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 80 रन बनाए। शोएब बशीर को हेनरी ने आउट कर इंग्लैंड की पारी का अंत कर दिया। बायर्डन कार्स 33 रन बनाकर नाबाद रहे।

# एडिलेड में इतिहास रचने से सिर्फ 102 रन दूर विराट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की शुरुआत शानदार तरीके से की और पहले टेस्ट मैच में मेजबान टीम को 295 रन से करारी शिकस्त दी। इस जीत में विराट कोहली ने अहम भूमिका निभाई जब उन्होंने दूसरी पारी में 143 गेंदों में अपना 30वां टेस्ट शतक जड़ा। अब वह भारत के लिए दूसरे टेस्ट में भी अहम खिलाड़ी होंगे, जो 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में डे–नाइट टेस्ट के रूप में खेला जाएगा। आपको बता दें कि विराट एक बड़े रिकॉर्ड को हासिल करने के करीब हैं।

विराट कोहली ने पिंक–बॉल टेस्ट में 277 रन बनाए हैं और वह डे–नाइट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी हैं।

■23 रन बनाकर बन जाएंगे ऐसा करने वाले पहले भारतीय

अगर वह दूसरे टेस्ट में 23 रन बना लेते हैं तो वह पिंक बॉल टेस्ट में 300 रन बनाने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन जाएंगे।

विराट कोहली ने एडिलेड ओवल में टेस्ट क्रिकेट में 509 रन बनाए हैं। अगर वह दूसरे टेस्ट में 102 रन और बना लेते हैं तो उनके 611 रन हो जाएंगे और वह इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विदेशी खिलाड़ी ब्रायन लारा का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। उन्हें महान सिर विवियन रिचर्ड्स के 552 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए 44 रन और चाहिए।

**एडिलेड टेस्ट के लिए टीम**



**इंडिया इस प्रकार है:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), केएल राहुल, ध्रुव जुरेल, नितीश रेड्डी, वाशिंगटन सुंदर, रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, जसप्रित बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप , हर्षित राणा, सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन, देवदत्त पडिक्कल।

## यह विदेशी प्लेयर है वैभव सूर्यवंशी का आदर्श

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अंडर–19 टेस्ट में अपने शतक की बदौलत चर्चा में आने वाले 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान रॉयल्स ने रातों–रात स्टार बना दिया। फ्रेंचाइजी ने साऊदी अरब के जेद्दा में हुए मेगा ऑक्शन में वैभव को 1 करोड़ 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके साथ ही वह आईपीएल के ऑक्शन में बिकने वाले सबसे कम उम्र के प्लेयर बने। उन्हें भारतीय क्रिकेट के सबसे बेहतरीन कप्तान और कोच में से एक राहुल द्रविड़ के साथ काम करने का मौका मिलेगा। द्रविड़ राजस्थान रॉयल्स में मुख्य कोच के रूप में वापसी कर रहे हैं। अब वैभव ने खुलासा किया है कि वह किस प्लेयर को अपना आदर्श मानते हैं। वैभव ने खुलासा किया कि वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा उनके आदर्श हैं। वैभव सूर्यवंशी दुबई के दुबई क्रिकेट स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप–19 मैच खेल रहे हैं।

## न्यूज डायरी



## शमी को मध्य प्रदेश के खिलाफ मैच के दौरान फिर चोट लगी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तकरीबन एक साल के लंबे समय के बाद भारतीय टीम के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी खेलते हुए क्रिकेट के मैदान में वापसी की थी। वह वर्ल्ड कप फाइनल 2023 के बाद से टीम इंडिया से चोटिल होने के चलते बाहर चल रहे हैं। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि शमी जल्द ही टीम इंडिया को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया में जॉइन कर सकते हैं। लेकिन अब भारतीय टीम और उनके फैंस को बड़ा झटका लगा है। मोहम्मद शमी एक बार फिर चोटिल हो गए हैं। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को एक बार फिर चोट लग गई है। यह चोट उन्हें शुक्रवार, 29 नवंबर को सौराष्ट्र के नीरंजन शाह स्टेडियम ग्राउंड सी में मध्य प्रदेश के खिलाफ बंगाल के सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी मैच के दौरान लगी। गेंदबाजी करते हुए, शमी गेंद को रोकने के प्रयास में अजीब तरह से गिर गए। वह तुरंत अपनी कमर पकड़कर बैठ गए और असहज दिखाई दिए। मेडिकल टीम, जिसमें सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मेडिकल पैनल के प्रमुख नितिन पटेल भी शामिल थे, उनकी स्थिति का आकलन करने के लिए मैदान पर पहुंचे। खास बात यह है कि पटेल और उनकी मेडिकल टीम शमी की रिकवरी को मॉनिटर करने के लिए राजकोट गए थे। चोट लगने के बाद शमी को मेडिकल टीम ने थोड़ा ट्रीटमेंट दिया। इसके बाद शमी अपना ओवर पूरा करने में सफल रहे। हालांकि बंगाल की टीम यह मैच हार गई।

## पहले मैच में फेल फिर भी बना दुनिया के महान बल्लेबाज, लोग कहते हैं सर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट की दुनिया के सर्वकालिक महान बल्लेबाजों की सूची अगर तैयार की जाएगी तो इसमें सबसे पहला नाम ऑस्ट्रेलिया के डॉन ब्रेडमैन का होगा। बिना इस नाम के इस लिस्ट की कल्पना ही नहीं की जा सकती। ब्रैडमैन ने अपनी बल्लेबाजी से ऐसे आयाम तय किए जिन्हें आज तक हासिल कर पाना बहुत बड़ी बात मानी जाती है। इस बल्लेबाज ने अपनी तकनीक और रनों से दुनिया में परचम लहराया, लेकिन ब्रैडमैन को वो शुरुआत नहीं मिली थी जिससे ये लगता कि ये महान बल्लेबाज हैं। आज ही के दिन ब्रैडमैन ने डेब्यू किया था। दाएं हाथ के इस महान बल्लेबाज का डेब्यू ब्रिस्बेन में इंग्लैंड के खिलाफ हुआ था। इंग्लैंड ने ये मैच 675 रनों के विशाल अंतर से जीता था। ब्रैडमैन ने इस मैच की पहली पारी में 18 रन ही बनाए थे। वहीं दूसरी पारी में वह सिर्फ एक रन बनाकर आउट हो गए थे। यानी ब्रैडमैन ने अपने डेब्यू मैच में सिर्फ 19 रन बनाए थे। ये देख किसी को भी नहीं लगा था कि ब्रैडमैन आगे जो करने वाले हैं वो उन्हें महानता की तरफ ले जाएगा। हाल ये हुआ का जब ब्रैडमैन ने अपना आखिरी टेस्ट मैच खेला तो जिस औसत के रहते रिटायर किया वो हासिल कर पाना आज तक बल्लेबाजों के लिए चुनौती है। ब्रैडमैन ने 52 टेस्ट मैचों में 99.94 की औसत से 6996 रन बनाए थे जिसमें 29 शतक और 13 अर्धशतक शामिल रहे। ब्रैडमैन अपने आखिरी मैच में 0 पर आउट हो गए थे अगर वह चार रन और बना लेते तो उनका औसत 100 का होता।

## नहीं मानी हार, टीम इंडिया का नया स्टार अब बना करोड़पति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** रोहतास। आईपीएल 2024 के लिए आठ करोड़ की कीमत लगने के बाद बिहार के रोहतास जिले के छोटे से गांव बड्डी के तेज गेंदबाज आकाशदीप एक बार फिर से चर्चा में आ गए हैं। लखनऊ के सुपर जायंट्स ने सऊदी अरब के जेद्दा में हुए मेगा आक्शन में उनपर इतनी भारी भरकम राशि का दांव लगाया है। फिलहाल वे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट खेलने के बाद भारतीय टीम के सदस्य के तौर पर ऑस्ट्रेलिया में हैं। आकाश तेज गति में बॉल को स्विंग करा बल्लेबाजों को छकाने में माहिर हैं। ऑस्ट्रेलिया से फोन पर हुई जागरण से विशेष बातचीत में आकाशदीप ने अपनी सफलता के राज साझा किए, जो नवोदित खिलाड़ियों के लिए प्रेरक हैं। उन्होंने कहा कि वे कोई टूर्नामेंट खेल रहे हों या नहीं, बॉलिंग का नियमित अभ्यास नहीं छोड़ते। प्रतिदिन पांच से छह घंटे के अभ्यास से बालिंग में निखार बना रहता है, इसी ने उन्हें आईपीएल के ऑक्शन में यह कीमत दिलाई है। आकाश ने कहा कि सफलता के बाद अतिआत्मविश्वास से बचना चाहिए। बॉलिंग, बैटिंग व क्षेत्ररक्षण का अभ्यास छोड़ना नहीं चाहिए।

पेज थ्री देहरादून

विधानसभा में चल रहे नव निर्माण कार्यों का अवलोकन करते हुए सीएम और सीएस।





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार



### सीएस ने केदारनाथ विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक को दिलाई शपथ

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण ने विधानसभा स्थित कार्यालय कक्ष में केदारनाथ विधानसभा से नवनिर्वाचित विधायक श्रीमती आशा नौटियाल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, वित्त मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सीएम और सीएस ने विस में चल रहे नव निर्माण कार्यों का किया अवलोकन

**संवाददाता** देहरादून। विधानसभा अध्यक्ष श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधानसभा में चल रहे नव निर्माण कार्यों का अवलोकन किया। विधानसभा के मुख्य प्रवेश द्वार पर राष्ट्रीय चिन्ह अशोक स्तंभ स्थापित की गई है। उत्तराखण्ड राज्य आंदोलन के शहीद आंदोलनकारियों की स्मृति में शहीद गैलरी का निर्माण किया गया है। विधानसभा में राज्य के राजकीय चिन्ह भी स्थापित किये गये हैं एवं विधानसभा सदस्यों की बैठक के लिए एक्सटेंशन रूम का निर्माण किया गया है।

### दून में मेट्रो चलाने के लिए प्रयास कर रही सरकार: अग्रवाल

**संवाददाता** देहरादून। आईएसबीटी स्थित एमडीडीए की एचआईजी रेजिडेंशियल वेलफेयर एसोसिएशन के समारोह में मुख्य अतिथि शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि सरकार दून में मेट्रो चलाने का प्रयास किए जा रहे हैं। यह प्रोजेक्ट पीपीपी मोड पर बने, इस पर विचार चल रहा है। उन्होंने कहा कि एचआईजी कॉलोनी की जो समस्याएं हैं, उनका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कहा कि बहुत जल्द निकाय चुनाव कराए जाएंगे और कॉलोनी के लोगों को अपना पार्षद मिलेगा।

### आरटीआई कार्यकर्ताओं ने राजेश सूरी को दी श्रद्धांजलि

**संवाददाता** देहरादून। आरटीआई क्लब की ओर से अधिवक्ता राजेश सूरी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही स्व.सूरी को न्याय दिलाने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर आरीटआई क्लब के सदस्यों ने स्व. राजेश सूरी के जनहित के किये गए कार्यों को याद किया। खासतौर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ राजेश सूरी की लड़ाई को उन्होंने याद किया। राजेश सूरी की बहन रीता सूरी ने बताया कि किस तरह एक षड़यंत्र के तहत उनके भाई की हत्या की गई।

# नागरिकों को न हो कोई असुविधा, अधिकारी विशेष ध्यान रखें: सीएम

**बैठक**

■ हल्द्वानी के सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए शीघ्र ही धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी

■ हल्द्वानी में भारत मंडपम की तर्ज पर बहुउद्देशीय भवन का निर्माण हो



**संवाददाता**

देहरादून। एक दिवसीय हल्द्वानी भ्रमण पर पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर लोक निर्माण विभाग,ऊर्जा एवं पेयजल विभाग की समीक्षा की।

उन्होंने हल्द्वानी शहर के सड़क मार्गों के चौड़ीकरण के उपरांत किए जाने वाले सड़क सुधारीकरण, पेयजल व्यवस्था व विद्युत व्यवस्था के कार्यों व परियोजनाओं की जानकारी अधिकारियों से ली। इस दौरान उन्होंने पेयजल विभाग व विद्युत विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिकारियों को फटकार लगाई और कहा कि तय समय पर निर्माण कार्य पूर्ण हों,जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न मिले इसका ध्यान अधिकारी रखें।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी वंदना ने हल्द्वानी नगर अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी। नगर अंतर्गत एडीबी परियोजनान्तर्गत सीवरेज एवं पेयजल लाइन का निर्माण गतिमान है,विभिन्न कार्य पूर्ण हो गए हैं। अनेक कार्यों को पूर्ण करने हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अवगत कराया कि 31 सड़कें जो इन कार्यों से क्षतिग्रस्त हो गई थी उनमें सुधारीकरण व डामरीकरण का कार्य होना है,इस हेतु विकास प्राधिकरण से 12.5 करोड़ की धनराशि से कार्य कराए गए अवशेष कार्यों हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके अतिरिक्त लालकुंआ क्षेत्र में जलजीवन मिशन के कार्यों से खुदी हुई सड़कों में डामरीकरण व सुधारीकरण का कार्य प्रारंभ हो गया है।

जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि हल्द्वानी में नमो भवन निर्माण के लिए शासन में टीएसी हेतु प्रस्ताव भेजा गया है।

नगर अंतर्गत नरीमन चौराहा तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पूर्ण हो गया है उससे आगे रानीबाग, गुलाब घाटी में सड़क चौड़ीकरण व पहाड़ी ट्रीटमेंट का कार्य होना है जिस हेतु प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि आपदा के दौरान देवखड़ी नाले से होने वाली क्षति को कम करने व उसके ट्रीटमेंट हेतु भी शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध में मुख्यमंत्री ने मौके पर से ही सचिव वित्त उत्तराखंड शासन को दूरभाष पर वार्ता कर शीघ्र ही धनराशि आवंटित करने के निर्देश दिए।

### समस्याओं का समाधान व निस्तारण करने के निर्देश

बैठक में विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को अधिक विद्युत बिल देने की शिकायत पर मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग को तत्काल इन क्षेत्रों में कैम्प लगाकर जनता की समस्याओं का समाधान व निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा जंगली जानवरों विशेष रूप गुलदार के हमले से बचाव हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की भी बात रखी,इस संबंध में मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को ऐसे गांवों में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जाने हेतु तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए।

# स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता

**लोकार्पण**

■ सीएम पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में सिटी फॉरेस्ट का किया लोकार्पण

■ 1 करोड़ की लागत से बना है सिटी फॉरेस्ट



**संवाददाता**

देहरादून। एक करोड की लागत से रामपुर रोड स्थित हल्द्वानी में निर्मित सिटी फारेस्ट (नगर वन) का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने नगर वन में वृक्षारोपण भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि नगर में निवासरत लोगों को बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वच्छ पर्यावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा शहर की भागदौड़ के बीच सिटी फारेस्ट एक ऐसा जगह है जहां सकून मिलेगा। सिटी फारेस्ट में लॉन, बैम्बू हट, चिल्ड्रन पार्क, ओपन एयर जिम, पैदल भ्रमण पथ, साईकिलिंग ट्रेल एवं हाथी सैल्फी पाइंट मुख्य आकर्षण का केन्द्र है। सिटी फारेस्ट वन विभाग की 7.5 हेक्टेयर भूमि में स्थापित किया गया है।

सिटी फॉरेस्ट में खैर, शीशम, सागौन, कंजू, अमलतास, यूकेलिप्टस, मौलश्री. छत्यून, बांस, चन्दन, नीम, बेल, पारिजात, पाखड़ आदि वानस्पतिक प्रजातियां हैं। इसके साथ ही नगर वन में बाउण्ड्री वॉल, वृक्षारोपण, लॉन विकास कार्य, चिल्ड्रन पार्क, ओपन जिम, पैदल ट्रेल, रिसेस्प्शन ऐरिया, प्रवेश गेट, पैदल मार्ग, एटीवीट्रेल, वाटर टैंक आदि कार्य किया जा रहा है।

सिटी फारेस्ट में कैफेटेरिया, सोविनियर शॉप, वैलनेस ऐरिया, बटरफ्लाई गार्डन, रॉक गार्डन, कैक्टस गार्डन, ट्रेल्स का विस्तारीकरण एवं कैनोपी वॉकवे भविष्य में प्रस्तावित कार्य किये जायेंगे।

### प्रतिदिन स्ट्रीट लाइटों की मॉनिटरिंग भी की जाए

**संवाददाता** देहरादून। हल्द्वानी नगर निगम कार्यालय में निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को निर्देश दिये कि नगर में खराब स्ट्रीट लाइटों को शीघ्र ठीक कराई जाए। साथ ही प्रतिदिन स्ट्रीट लाइटों की मॉनिटरिंग भी की जाए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने नगर आयुक्त को निर्देश दिये कि नगर निगम की आंतरिक मार्गों को हर हाल में 15 दिसम्बर तक गड्ढा मुक्त किया जाए। उन्होंने कहा नगर निगम के अधूरे निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द शुरू कर एक माह के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा ने मुख्यमंत्री श्री धामी को बताया कि नगर निगम टैक्स की पारदर्शिता और आय को बढ़ाने के लिए बैंक ऑफ बडौदा से एमओयू किया गया है। उन्होने बताया हाउस टैक्स एवं कामर्शियल टैक्स को ऑनलाइन किया जा रहा है। उन्होंने बताया नगर के प्रत्येक भवन की फोटो खींचकर पोर्टल पर अपलोड की जा रही है।






**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।